# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
## U.P. Power Corporation Limited
(U.P. Govt. Undertaking)
शक्ति भवन, 14–अशोक मार्ग, लखनऊ–226001
**CIN: U32201UP1999SGC024928**


संख्या :– 807 / जीसीएओछ: / 6ए / 2016 दिनांक :– 11 अप्रैल, 2016

## नियुक्ति आदेश

विद्युत सेवा आयोग, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, लखनऊ के पत्र संख्या 384 / विसेआ / 7–विसेआ / 2015 दिनांक 02.04.2016 के द्वारा उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 में सहायक लेखाकार के पद पर नियुक्ति हेतु चयन किये जाने के फलस्वरूप निम्न विवरणानुसार सहायक लेखाकार (प्रशिक्षु) को वेतन बैण्ड रूपया 5200–20200 (ग्रेड वेतन रूपया 3000), जिस पर कारपोरेशन द्वारा समय–समय पर स्वीकृत महगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते देय है, मे प्रारम्भिक दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि की शर्तो सहित अस्थाई रूप से नियुक्ति प्रदान करते हुये, प्रबन्ध निदेशक, कानपुर विद्युत आपूर्ति कम्पनी (केस्को), कानपुर को आंवटित किया जाता है :–

| कम0 स0 | अनुक्रमांक | नाम / पिता / पति का नाम | जन्मतिथि | वर्ग | गृह जनपद | पत्र व्यवहार का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 21110819 | विशाल द्विवेदी / दया शंकर द्विवेदी | 06.06.1984 | सामान्य | लखनऊ | ए 1469 / 8, इन्दिरा नगर, लखनऊ–226016 |
| 2. | 21110840 | जय गोविन्द गुप्ता / शिवशंकर गुप्ता | 07.07.1986 | सामान्य | हरदोई | 495 / 79, माया नगर, डालीगंज, लखनऊ–226020 |
| 3. | 21110866 | कौशलेन्द्र प्रताप सिंह / योगेन्द्र प्रताप सिंह | 11.081988 | सामान्य | लखनऊ | ई–2 / 695, विनय खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010 |
| 4. | 21121360 | अमित शुक्ला / बैजनाथ प्रसाद शुक्ला | 20.10.1975 | सामान्य | लखनऊ | बी–2 / 19, सेक्टर–एच, जानकीपुरम, लखनऊ–21, लखनऊ–226021, उ0प्र0 |
| 5. | 21121432 | भास्कर शुक्ला / सुरेन्द्र कुमार | 12.04.1991 | सामान्य | अमेठी | ग्राम– पूरे बदगैनी, पो0–शुकुल बाजार, जिला–अमेठी, अमेठी–227811, उ0प्र0 |
| 6. | 21143133 | मोहित कुमार / राम कुमार जायसवाल | 19.07.1988 | अन्य पिछडा वर्ग | लखनऊ | एम.एम. 1 / 973 विशाल खण्ड–1, गोमती नगर, लखनऊ–226010 |
| 7. | 21110487 | अंशुमन पॉल / राजेन्द्र पॉल | 09.01.1992 | अनुसूचित जाति | लखनऊ | 554 / 1564 लेन–6, पवनपुरी, आलमबाग लखनऊ, पिन कोड–226005 |

कमशः—2—

सहायक लेखाकार (प्रशिक्षु) के रूप में प्रशिक्षण निदेशक, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, सरोजनी नगर, लखनऊ द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आरम्भ होगा जिसकी सूचना अलग से उपलब्ध करायी जायेगी। प्रशिक्षणोपरान्त सहायक लेखाकार (प्रशिक्षु) की सहायक लेखाकार के पद पर अन्तिम तैनाती के आदेश प्रबन्ध निदेशक, केस्को, कानपुर द्वारा जारी किये जायेंगे।

उक्त अभ्यर्थियों को यह निर्देशित किया जाता है कि वह अपना कार्यभार विलम्बतम् 30.04.2016 (दिन शनिवार) तक किसी कार्य दिवस में समस्त मूल शैक्षिक प्रमाण पत्रों एवं वांछित घोषणा पत्रों आदि सहित **प्रबन्ध निदेशक (केस्को), कानपुर के कार्यालय में** उपस्थित होकर ग्रहण करें। उक्त तिथि के पश्चात कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

प्रथम तैनाती स्थल पर योगदान आख्या देने के लिये की गयी यात्राओं हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई होगी जिसे एक माह की नोटिस देकर समाप्त किया जा सकेगा, इस सम्बन्ध में कारपोरेशन को यह अधिकार होगा कि नोटिस की सम्पूर्ण अवधि अथवा उसके किसी भाग को उस अवधि के वेतन का भुगतान करके प्रतिस्थापित किया जा सकेगा।

उक्त चयनित सहायक लेखाकारों की पारस्परिक ज्येष्ठता कारपोरेशन के नियमानुसार निर्धारित की जायेगी।

<u>नियुक्ति की शर्ते एवं प्रतिबन्धः–</u>

1 सहायक लेखाकार पद पर योगदान सूचना प्रस्तुत करने के समय अधोलिखित अभिलेख/प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने होंगे, अन्यथा योगदान देने की अनुमति नहीं दी जायेगी :–

(क) मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदत्त स्वास्थ्य प्रमाण पत्र (अभ्यर्थी के पूर्ण स्वस्थ पाये जाने पर ही वह योगदान देने हेतु पात्र होंगे)।

(ख) शैक्षणिक योग्यता से सम्बन्धित प्रमाणपत्रों की प्रमाणित प्रतिलिपि। इसके अतिरिक्त आयु, शैक्षिक योग्यता आदि के समस्त प्रमाण पत्र मूल रूप में सम्बन्धित अधिकारी को सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना होगा।

(ग) साक्ष्यांकन प्रपत्र (पूर्ण रूप से भरा हुआ–तीन प्रतियों में) निर्धारित प्रारूप यथा संलग्न में।

(घ) अभ्यर्थी द्वारा स्वंय या उसके परिवार के आश्रितों द्वारा चल/अचल सम्पत्ति के सम्बन्ध में निर्धारित प्रारूप (संलग्न) में घोषणा।

(च) निर्धारित प्रारूप (संलग्न) में इस आशय का घोषणा पत्र कि उनके विवाहित होने की दशा में एक से अधिक जीवित पति/पत्नी नही है।

(छ) केन्द्रीय/राज्य सरकार द्वारा निषिद्ध/अनिषिद्ध राजनैतिक पार्टियों/संगठनों का सदस्य न होने के सम्बन्ध में निर्धारित प्रारूप (संलग्न) में घोषणा।

(ज) सत्यनिष्ठा के साथ कारपोरेशन की सेवा करने के सम्बन्ध में निर्धारित प्रारूप (संलग्न) में घोषणा।

(झ) अभ्यर्थी द्वारा किसी भी शासकीय/अर्धशासकीय संस्था/उपकम में कार्यरत होने/न होने की दशा में निर्धारित प्रारूप (संलग्न) में घोषणा।

(ट) दो उत्तरदायी व्यक्तियों अथवा सरकारी/अर्धसरकारी संस्थान के दो राजपत्रित अधिकारियों (जो सम्बन्धी न हो) से प्राप्त चरित्र प्रमाण पत्र।

(ड) अन्तिम शिक्षण संस्थान के प्राचार्य अथवा अधिष्ठाता से जारी किया गया चरित्र प्रमाण पत्र।

कमशः—3—

(त) निर्धारित प्रारूप (संलग्न) में योगदान आख्या।

2. उपरोक्त पद पर योगदान आख्या की तिथि से 05 वर्ष तक स्थानान्तरण या स्थान परिवर्तन के सम्बन्ध में किसी अभ्यर्थी के आवेदन पर सामान्यतः विचार नही किया जायेगा।

3. कारपोरेशन में अभ्यर्थी की सेवा उसके चरित्र एवं पूर्ववृत्त सम्बन्धित जिलाधिकारी एवं उप महानिरीक्षक, विशेष शाखा, अधिसूचना विभाग, उ0प्र0 लखनऊ से सत्यापनोपरान्त सही पाये जाने के प्रतिबन्ध के साथ ही जारी रह सकेगी।

4. यदि किसी अभ्यर्थी के बारे में यह ज्ञात होता है कि उसने उक्त चयन परीक्षा में कोई असत्य तथ्य या घटना प्रस्तुत की है अथवा किसी आवश्यक तथ्य को जानबूझ कर छिपाया है और इस असत्य सूचना के आधार पर उसका चयन हुआ है, तो अधोहस्ताक्षरी को उनकी नियुक्ति बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार होगा एवं अभ्यर्थी को इस हेतु किसी क्षतिपूर्ति के दावे का अधिकार नहीं होगा।

5. सेवा की अन्य शर्ते एवं प्रतिबन्ध उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा वर्तमान में प्रभावी विनियम/आदेशों से विनियमित होंगी।

6. अभ्यर्थी की सेवाएं स्थानान्तरणीय है एवं निगम कार्यहित में उन्हें किसी भी समय निगम के किसी भी कार्यालय में तैनात किया जा सकता है।

यदि अभ्यर्थी को उपरोक्त समस्त शर्ते स्वीकार्य हों, तब इस पत्र की दूसरी प्रति को मूल रूप में हस्ताक्षर कर कार्यभार ग्रहण करने के समय उपलब्ध करायेंगे।

<u>संलग्नक–उपरोक्तानुसार</u>

<u>उप महाप्रबन्धक (लेखा प्रशासन)</u>

<u>संख्या :– 807 /जीसीएओछः/6ए/2016</u> <u>तद्दिनांक :–</u>

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित**

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव।
2. प्रबन्ध निदेशक, कानपुर विद्युत आपूर्ति कम्पनी (केस्को), कानपुर को आवंटित सहायक लेखाकारों के डोजियर इस अनुरोध सहित प्रेषित कि वे उक्त अभ्यर्थियों के कार्यभार ग्रहण कराये जाने के पूर्व यह सुनिश्चित करा लें कि – 1. आवेदन पर लगी फोटो, हस्ताक्षर, अंगूठा निशान, प्रवेश पत्र पर लगे फोटो, हस्ताक्षर अंगूठा निशान तथा पंजीकरण के समय खीचें गये फोटो, हस्ताक्षर एवं अंगूठा निशान आदि आपस में मेल खाते है। 2. संगत सेवा विनियम में निहित प्राविधानों का अनुपालन तथा अभ्यर्थियों के अभिलेखों की मूल प्रमाण पत्रों से जॉच उनके स्तर से कराया जाना होगा। 3. अभ्यर्थियों द्वारा कम्प्यूटर ज्ञान से सम्बन्धित संलग्न प्रमाण पत्रों की सम्बन्धित संस्थान से प्रमाणिकता की पुष्टि करायी जानी होगी एवं तदोपरान्त वह उनकी नियमित तैनाती अपने स्तर से कराने के उपरान्त सम्बन्धित सहायक लेखाकारों (प्रशिक्षु) के डोजियर को इस कार्यालय को वापस कराने का कष्ट करेंगे।
3. निदेशक (वित्त)/(कार्मिक प्रबन्धन एवं प्रशासन), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव।
4. मुख्य महाप्रबन्धक (लेखा एवं सम्प्रेक्षा)/(वित्त), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
5. उप महाप्रबन्धक (लेखा एवं सम्प्रेक्षा), कानपुर विद्युत आपूर्ति कम्पनी (केस्को), कानपुर।
6. महानिदेशक, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनीनगर, लखनऊ।

क्रमशः—4—

7. सचिव, विद्युत सेवा आयोग, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, एस0एल0डी0सी0 परिसर (निकट मंत्री आवास) विभूति खण्ड, फेज–2, गोमती नगर, लखनऊ–226010 ।
8. अधिशासी अभियन्ता, वेब साइट, कक्ष संख्या–407, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
9. सचिव, उ0प्र0 स्टेट पावर सेक्टर इम्प्लाइज ट्रस्ट, शक्ति भवन, लखनऊ।
10. सम्बन्धित अभ्यर्थी / अधिष्ठान सहायक / वैयक्तिक पत्रावली।

(डी.के. चतुर्वेदी)
लेखाधिकारी (प्रशासन)

फोटो

# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0
# शक्ति भवन, 14, अशोक मार्ग, लखनऊ ।

## साक्ष्यांकन–प्रपत्र

चेतावनी

(1) इस प्रपत्र में कोई गलत सूचना देना या किसी वास्तविक सूचना को दबाना भी अभ्यर्थी को अनर्ह व उसे सेवायोजन दिये जाने के लिये अयोग्य कर सकता है ।

(2) इस प्रपत्र को भरकर देने के उपरान्त यदि अभ्यर्थी कभी भी हवालात में रखा गया हो, सजा दी गयी हो या विवर्जित किया गया हो, तो उसका विवरण उसे तुरन्त देना चाहिए और इसका उल्लेख न करने की दशा में इसे वास्तविक सूचना को छिपाना माना जायेगा ।

1. पूरा नाम, उपनाम यदि कोई हो ..........................................................

2. पिता का पूरा नाम, उपनाम यदि कोई हो, सेवा व पदनाम भी दे, यदि कोई हो ..........................
..........................................................................................
..........................................................................................

3. पिता का राष्ट्रीयता ..........................................................
माता की राष्ट्रीयता ..........................................................
पति की राष्ट्रीयता ..........................................................

4. जन्म स्थान (स्वयं का) ..........................................................
पति/पत्नी का (यदि विवाहित हो) ..........................................................

5. (अ) जनपद का नाम जहाँ का रहने वाली/वाले हो ..........................................................
(ब) घर का पूरा पता
ग्राम, थाना, जनपद/मार्ग गली व भवन संख्या भी दें ..........................................................
..........................................................................................
..........................................................................................
यदि मूलरूप में पाकिस्तान का निवासी हो, तो उसे देख के उसके सभी पते व भारत में आव्रजन की उसकी तिथि भी वर्णित की जानी चाहिए ।
..........................................................................................
..........................................................................................
..........................................................................................

6. वर्तमान पूरा पता ..........................................................
..........................................................................................
..........................................................................................

7. पिछले पॉच वर्षो में पते ..........................................................
..........................................................................................

| दिनांक से | दिनांक तक | पता |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | | |
| 3. | | |

(ख) क्या इस साक्ष्यांकन प्रपत्र को भरते समय आपके विरूद्ध किसी न्यायालय विशविद्यालय या किसी शैक्षिक प्राधिकारी/संस्था के अधीन कोई मामला विचाराधीन है ?

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

टिप्पणी

(1) यदि उपरोक्त (क) या (ख) का उत्तर हॉ है तो इस प्रपत्र को भरते समय ऐसे मामले को पूरा विवरण गिरफ्तारी, हवालात अर्थदण्ड, सजा इत्यादि व किसी भी न्यायालय/विश्वविद्यालय/शैक्षिक अधिकारी के अधीन लम्बित मामले इत्यादि का पूरा विवरण दे ।

(2) इस प्रपत्र के आरम्भ में दी गयी चेतावनी को भी देखे ।

## अभ्यर्थी द्वारा हस्ताक्षरित किया जाने वाला प्रमाण–पत्र

मैं प्रमाणित करता हूँ कि उपरोक्त सभी सूचनाऍ मेरी पूरी जानकारी व विश्वास के अनुसार सही है। मुझे ऐसी किन्ही भी परिस्थितियों का ज्ञान नही है जो परिषद/कारपोरेशन के अधीन मेरे सेवायोजन में बाधक हो सकती है ।

दिनांक :–

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर :–

स्थान :–

# चल/अचल सम्पत्ति सम्बन्धी घोषणा–पत्र

(क) *उनके लिए जिनके पास कोई अचल सम्पत्ति नहीं है:–*

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे पास कोई अचल सम्पत्ति नहीं है। यदि मैं एतद्द्वारा इसके पश्चात् कोई अचल सम्पत्ति धारण करता/करती हूँ तो अपने तत्सम्बन्धित अवधि की पंचम वर्षीय घोषणा करूँगा/करूँगी।

हस्ताक्षर :–...........................................................
नाम :– ...............................................................
पद :– .................................................................
दिनांक :– ...........................................................

(ख) *उनके लिये जिनके पास अचल सम्पत्ति है :–*

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैं निम्न प्रकार की अचल सम्पत्ति का स्वामी/की स्वामिनी हूँ :–

## भूमि सम्पदा

*सम्पत्ति जहाँ है :–*

| जनपद | तहसील | ग्राम | क्षेत्र एकड़ में | अर्जित या पैतृक यदि अर्जित की गई है तो उसके अर्जन का दिनांक | वार्षिक राजस्व | अनुमानित मूल्य | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. |
| | | | | | | | |

*(घ) उनके लिये जो हिस्से (शेयर) के स्वामी/स्वामिनी है या जिनकी अन्य जमा पूँजी (इन्वेस्टमेन्ट) है:–*

मैं एतद्द्वारा घोषित करता/करती हूँ कि मैं निम्नलिखित हिस्से व जमा पूँजी रखता/रखती हूँ :–

<u>हिस्से (शेयर)</u>

| क0सं0 | विवरण | अर्जित करने का दिनांक | प्रत्येक मूल्य | हिस्से का | धारित की सं0 | हिस्सों की कय मूल्य | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | |
| | | | | | | | |

<u>जमा पूँजी (इन्वेस्टमेंट)</u>

| क0सं0 | विवरर्ण | पूँजी लगाने की तिथि | मूल्य | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. |
| | | | | |

# सहायक लेखाकार (प्रशिक्षु) पद हेतु नियुक्ति के सम्बन्ध में घोषणा–पत्र

1. मैं घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि केन्द्रीय/राज्य सरकार द्वारा निषिद्ध/अनिषिद्ध राजनैतिक पार्टियों/संगठनों का सदस्य नहीं हूँ और न मेरा कोई उनसे सम्बन्ध हैं।

नाम :–..........................................................................
पिता का नाम :– ....................................................
पूर्ण स्थायी पता :– ..................................................
..........................................................................

2. मैं घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड की सेवा सत्यनिष्ठा एवं पूर्ण ईमानदारी से करूंगा।

नाम :–..........................................................................
पिता का नाम :– ....................................................
पूर्ण स्थायी पता :– ..................................................
..........................................................................

3. मैं घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि मेरी एक से अधिक जीवित पत्नी/पति नहीं हैं/मैं अविवाहित हूँ

नाम :–..........................................................................
पिता का नाम :– ....................................................
पूर्ण स्थायी पता :– ..................................................
..........................................................................

अभ्यर्थी द्वारा किसी भी शासकीय/अर्धशासकीय संस्था/उपक्रम में कार्यरत न होने की दशा में ।

मैं एतद्द्वारा घोषित करता/करती हूँ कि मैं किसी भी शासकीय/अर्धशासकीय संस्था/उपक्रम में किसी भी रूप में कार्यरत नही हूँ । इस सूचना के मिथ्या पाये जाने पर मेरी सेवायें तत्काल समाप्त की जा सकती है ।

हस्ताक्षर :–..........................................................

नाम :– ..............................................................

पद :– ...............................................................

दिनांक :– ...........................................................

मैं एतद्द्वारा घोषित करता/करती हूँ कि मैं ...........................................................................के विभाग में सेवारत था । मैं अपने पूर्व नियोजक द्वारा उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के अधीन सहायक लेखाकार (प्रशिक्षु) के रूप में सेवा आरम्भ करने हेतु कार्यमुक्त कर दिया गया हूँ । कार्यमुक्ति प्रमाण–पत्र एतद्द्वारा संलग्न है।

हस्ताक्षर :–..........................................................

नाम :– ..............................................................

पद :– ...............................................................

दिनांक :– ...........................................................

# कार्यभार ग्रहण सूचना

सेवा में,

..........................................................

..........................................................

..........................................................

..........................................................

महोदय,

उप महाप्रबन्धक (लेखा प्रशासन), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप संख्या ..........................................................................................द्वारा मेरी नियुक्ति सहायक लेखाकार (प्रशिक्षु) के पद पर पे–बैण्ड रू0 5200–20200 एवं ग्रेड पे रू0 3000/– में करते हुए मेरी तैनाती आपके अधीन की गयी है ।

अतः उपरोक्त आदेशों के अनुपालन में मैं अपनी योगदान आख्या सहायक लेखाकार (प्रशिक्षु) के पद पर पे–बैण्ड रू0 5200–20200 एवं ग्रेड पे रू0 3000/– मे आज दिनांक ............................ (पूर्वान्ह/अपरान्ह) में आपको प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ ।

उपरोक्त ज्ञाप में वॉछित प्रपत्र भी संलग्न कर प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ ।

संलग्नक–

प्रार्थी/प्रार्थिनी

नाम :–

पिता का नाम :–

पता :–